>

Title: Issue regarding crop damage due to heavy rain and hailstorm in Jalaun Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

**श्री घनश्याम अनुरागी (जालौन):** माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार को अवगत कराना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद जालौन और उसके आस-पास कानपुर देहात, झाँसी, हमीरपुर और पूरे बुंदेलखंड एवं उत्तर प्रदेश में भारी वर्षा, आंधी, ओलावृष्टि तथा पाला पड़ने के कारण ज्यादातर किसानों की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। स्थिति बहुत गंभीर है। हमारा पूरा का पूरा संसदीय क्षेत्र और बुंदेलखंड कृषि पर ही आधारित है। कृषि के अलावा वहाँ और किसी प्रकार से जीविकोपार्जन की व्यवस्था किसानों के लिए नहीं है। केवल कृषि ही वहाँ होती है और वह भी नष्ट हो गई है। इस प्रकार किसान वहाँ भूखों मरने लगा है और स्थिति गंभीर है। मैं आपके माध्यम से अनुरोध करूँगा कि केन्द्र सरकार हमारे यहाँ किसानों को जो उनकी खाद, बीज, मेहनत और समय बरबाद हुआ है, उसका उचित मुआवज़ा दे जिससे किसानों को भारी राहत मिल सके। सरकार इस पर ज़रूर विचार करे नहीं तो किसान पूरी तरह से बरबाद हो जाएगा। वहाँ पूरी फसल नष्ट हो चुकी है।